## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में अब तक 212.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 212.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 04 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 300.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 149.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 184.2 मिमी, बलरामपुर में 179.9 मिमी, जशपुर में 203.4 मिमी, कोरिया में 186.2 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 179.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 195.4 मिमी, बलौदाबाजार में 207.8 मिमी, गरियाबंद में 227.4 मिमी, महासमुंद में 226.4 मिमी, धमतरी में 222.2 मिमी, बिलासपुर में 202.0 मिमी, मुंगेली में 194.2 मिमी, रायगढ़ में 217.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 174.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 225.1 मिमी, सक्ती में 184.7 मिमी, कोरबा में 219.3 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 213.9 मिमी, दुर्ग में 176.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 165.2 मिमी, राजनांदगांव में 185.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 225.3 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 133.9 मिमी, बालोद में 228.4 मिमी, बेमेतरा में 193.9 मिमी, बस्तर में 248.7 मिमी, कोण्डागांव में 251.1 मिमी, कांकेर में 213.9 मिमी, नारायणपुर में 280.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 240.0 मिमी और सुकमा में 379.1 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### गोबर गैस के लिये बने टैंक में गिरी किशोरी, मौत

**अकलतरा (आरएनएस)।** गोबर गैस बनाने के लिए बनाये गये टैंक में गिरने से युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बरगवां निवासी विनीत यादव ने गोबर से गैस बनाने के लिए बायोटैंक बनवाया था। घटना के संबंध में सहायक उप निरीक्षक सियाराम यादव ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा सूचना दी गई कि अंजली कुमारी यादव उम्र 17 वर्ष पिता विनीत यादव की चप्पल बायोगैस टंकी के पास मिली है किन्तु युवती की जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने टंकी में डूबने की आशंका व्यक्त की। सूचना मिलते ही पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा तथा टंकी में जमा गोबर पानी को साफ करवाने पर युवती का शव मिला जिसे निकालकर पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंपा।

### बीइओ आफिस में फार्म सोलह पाने भटक रहे कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** शिक्षा विभाग का कार्यालय पटरी मे नही आ पा रहा है। अकलतरा में शिक्षकों व कर्मचारियों को लोन वगैरह लेने के लिए आयकर के द्वारा फार्म सोलह के लिए भटकाया जा रहा है। वही अवकाश लेखा की एण्ट्री नही होने से ब्लाक के संकुल समन्वयकों के साथ दर्जन भर बाबूओ को प्रभारी बीइओ ने नोटिस भी थमा दिया है। कुल मिलाकर बीईओ अकलतरा का कार्य अनमने रूप से संचालित हो रहा है। एक ओर स्कूलो के पट खुलने से शिक्षा व्यवस्था को पटरी मे लाने की कवायदे शुरू हो रही है। वही अकलतरा में शिक्षा विभाग के ब्लाक कार्यालय में अव्यवस्था का आलम है। कार्यालय से आए दिन कम्प्यूटर सेट के साथ कप, इंडक्शन चोरी हो रहे है। वही समय सीमा के भीतर कोई भी कार्य समय पर संचालित नहीं हो पा रहा है जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर है। पूर्णकालिक बीईओ की नियुक्ति नही होने से परेशानी हो रही है। अकलतरा ब्लाक मे प्रभारी बीइओ के सहयोग के लिए कोई एबीईओ भी नही है, जिसके कारण प्रभारी बीइओ को अकेले ही सारे कार्य सम्हालना पड़ रहा है जिससे कार्यालय का कार्य पटरी पर नही आ पा रहा है।

# लोगों की आय बढ़ाने और एआई तथा आईटी सेवाओं में विस्तार पर किया गया मंथन

- केन्द्रीय लॉजिस्टिक हब और औद्योगिक परिवहन अधोसंरचना विकसित करने पर जोर
- छत्तीसगढ़ विजन 2047: वर्किंग ग्रुप के अधिकारियों की बैठक

**रायपुर । आरएनएस**

एआई और आईटी सेवाओं में विस्तार, केन्द्रीय लॉजिस्टिक हब बनाने, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने कौशल सुधार जैसे विषयों पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने गहन विचार-विमर्श किया। ''अमृतकाल: छत्तीसगढ़ विजन "2047'' डॉक्यूमेंट तैयार करने वाणिज्य उद्योग और अधोसंरचना विकास विषय पर गठित वर्किंग समिति की द्वितीय बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नवा रायपुर के सभा कक्ष में आज आयोजित की गई। वाणिज्य उद्योग और अधोसंरचना विकास से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामध्र्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव देकर उन विषयों को दस्तावेज में शामिल कराने की बात कही।

बैठक में प्राकृतिक संसाधनों का मूल्यवर्धन वैश्विक उत्पाद, स्थानीय एमएसएमई और ग्रामीण उद्योगों के सशक्तिकरण, हरित विनिर्माण में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने, माइक्रो फाइनेंसिंग और रणनीतिक पीपीपी के साथ निवेश सुविधा बढ़ाने विस्तार से चर्चा की गई। इसी प्रकार प्रौद्योगिकी में कौशल उन्नयन करने विश्व स्तरीय प्रशिक्षण की आवश्यकता, अति आधुनिक मजबूत लॉजिस्टिक हब बनाने, एकीकृत औद्योगिक परिवहन अधोसंरचना विकसित करने, केन्द्रीयकृत लॉजिस्टिक हब, वेयरहाउस और मिनी औद्योगिक पार्क बनाने, सतत् परिवहन समाधान करने, राज्य एवं जिला स्तर पर समर्पित तकनीकी ढांचा विकास निधि की व्यवस्था कराने, वेयर हाउस हब के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ड जैसे उद्योगों के दिग्गजों के साथ रणनीतिक पीपीपी विनेश को बढ़ावा देने जैसे मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

इसी तरह राज्य में एआई और आईटी सेवाओं में विस्तार करने, केपीओ, बीपीओ और बीपीएम सेवाओं के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने, एआई उत्कृष्टता के लिए हब और सेवाएं बढ़ाने, तकनीकी पार्क स्थापित करने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आईटी कंपनियों को आकर्षित करने सरकार द्वारा निरंतर विपणन की ब्राडिंग के लिए प्रयास करने, केपीओ, बीपीओ और बीपीएम सेवा प्रदाताओं को आकर्षित करने के लिए रायपुर और नवा रायपुर में समर्पित हरित ज्ञान पार्क का विकास करने, छत्तीसगढ़ एआई उत्कृष्टता पार्क की स्थापना करने, उच्च ऊर्जा दक्षता और वैश्विक ऊर्जा के साथ रायपुर तथा नवा रायपुर में आधुनिक ग्रीन डेटा सेंटर पार्क विकसित करने, अग्रणी क्लाउड सेवा प्रदाताओं के साथ साझेदारी करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषय पर दस्तावेज में शामिल करने पर चर्चा किया गया।

राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु ,मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु अपना सुझाव दिए। के सुब्रमण्यम ने जीडीपी, रोजगार, कृषि एवं संबंधित उद्योग, प्रति व्यक्ति आय ,सेवाएं, व्यय एवं निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और लॉजिस्टिक, प्रशिक्षित कार्मिक ,शासन और नीतियों की अनुकूलता, प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए कौशल सुधार जैसे विषयों पर अपने विचार दिए। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय को बढ़ावा देने के लिए उच्च उत्पादन वाले क्षेत्रों में रोजगार पैदा करना महत्वपूर्ण है। सदस्य सचिव अनुप श्रीवास्तव ने कहा की बीपीओ और के पी ओ जैसी आईटी सेवा में विस्तार करने की आवश्यकता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के रोजगार पर भी ध्यान देना होगा। वन धन ,लघु वन उपज को बढ़ावा देना चाहिए तथा उसके व्यवसायीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए।

उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों और भारी धातुओं से समृद्ध राज्य है। एकीकृत औद्योगिक पार्कों की स्थापना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण जैसे प्राथमिकता वाले विकास क्षेत्रों को विकसित करने जैसे विषय को डॉक्यूमेंट में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य सात राज्यों की सीमाओं से जुड़ा है जो की देश के 40 प्रतिशत हिस्से तक पहुंच है। यहां लॉजिस्टिक हब बनाने का यह एक मजबूत अवसर भी है।

## ईओडब्ल्यू ने ढेबर के परिसर से जब्त किए अधजले नकली होलोग्राम

- धनेली स्थित परिसर में गड़ाकर छुपाए गए थे

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश में हुए ढाई हजार करोड़ के आबकारी घोटाले के मामले में ईओडब्ल्यू को महत्वपूर्ण साक्ष्य हाथ लगे हैं। ईओडब्ल्यू ने मामले में मुख्य आरोपी अनवर ढेबर के धनेली स्थित परिसर में डुप्लीकेट होलोग्राम की कई रोल अधजले हालत में जप्त किये हैं। उक्त होलोग्राम के रोल्स को जमीन में गड़ाकर रखा गया था।

बता दें कि वर्ष 2019 से 2022 तक सरकारी दुकानों से अवैध शराब डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर अनवर ढेबर एवं उसके सिंडीकेट द्वारा अवैध रूप से बेचकर शासन को करोड़ों की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक उपरोक्त जमीन पर अनवर ढेबर, अरविंद सिंह एवं सिंडीकेट के अन्य व्यक्तियों द्वारा फर्जी होलोग्राम को नोएडा से लाकर भण्डारण, डिस्टलिरयों को वितरण, खाली शीशियों डिस्टलेरी को सप्लाई तथा अवैध शराब (पार्ट बी) की बिक्रीसे प्राप्त कमीशन का संग्रह किया जाता था।

ईओडब्ल्यू ने बताया है कि वर्ष 2022 में ई.डी. में छापे के डर से अनवर ढेबर एवं अरविन्द सिंह के कहने पर बचे हुए डुप्लीकेट होलोग्राम को नष्ट किया गया था, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर ईओडब्ल्यू की टीम ने गवाहों के समक्ष जेसीबी से छ: फीट जमीन खुदवाकर, उसकी वीडियोग्राफी कराकर विधिवत जप्त किया गया।

इस परिसर को ईओडब्ल्यू द्वारा सील करने के साथ ही डुप्लीकेट होलोग्राम भण्डारण, वितरण एवं नष्टीकरण से जुड़े अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह एवं दीपक दुआरी को गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

यह भी बता दें कि हजारों करोड़ के शराब घोटाले में शराब की अफरा-तफरी करने के लिए के लिए नकली होलोग्राम का प्रयोग किया गया था। इस मामले की ईडी के बाद ईओडब्ल्यू भी जांच कर रही है। वहीं इस प्रकरण में नकली होलोग्राम बनाने वाले फर्म के संचालक के साथ ही अन्य प्रमुख आरोपियों के खिलाफ नोयडा के एक थाने में स्नदृढ़क्र दर्ज किया गया है। कुछ दिनों पहले ही नोएडा पुलिस ने होलोग्राम निर्माता विदु गुप्ता के साथ ही अनवर ढेबर और कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## दो नवजात की मौत मामले में चिकित्सकों पर गिरी गाज

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के उरला स्वास्थ्य केंद्र में एक ही दिन में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में दो डॉक्टरों को अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील साहू को सेवा से निलंबित कर दिया गया है तो संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम सरकार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक अनियमितता के कारण अमलडीहा के सचिव सावित्री चंद्रा निलंबित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान ने पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों सहित सरपंच को भी अपने पदीय दायित्व का बखूबी निर्वहन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत के कार्यों में लापरवाही, भ्रष्टाचार और अनियमितता करने वाले शासकीय कर्मी और सरपंच के विरूद्ध कार्यवाही किया जाएगा। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत अमलडीहा के सचिव सावित्री चंद्रा द्वारा 15वें वित्त आयोग मूलभूत योजना पंचायत निधि की राशि से कराए गए निर्माण कार्य, पेयजल हेतु बोर खनन, स्थापित हैंडपंप खनन इत्यादि शासकीय अनुदान राशि का शासकीय नियमों आदेशों का अनदेखा करते हुए निजी आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आर्थिक वित्तीय अनियमितता किया गया है। सीईओ बिलाईगढ़ के जांच प्रतिवेदन पर सीईओ जिला पंचायत बलौदाबाजार भाटापारा ने छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन एवम अपील) नियम 1999 के भाग दो नियम 4 के तहत ग्राम पंचायत अमलडीहा के सचिव सावित्री चंद्रा को निलंबित किया है। निलंबन अवधि में सावित्री चंद्रा का मुख्यालय जनपद पंचायत बिलाईगढ़ रहेगा और नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। ओमकार नेताम सचिव ग्राम पंचायत मिरचौद को ग्राम पंचायत अमलडीहा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## मुख्यमंत्री ने बागबाहरा वन क्षेत्र में निवासरत कमार परिवारों के बेदखली के मामले की जांच के दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में बागबाहरा वन क्षेत्र के कमार जनजाति परिवारों के आवेदन की सुनवाई की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को वर्षों से बागबाहरा वन क्षेत्र क्रमांक 88 निवासरत कमार परिवारों को वहां से बेदखल किए जाने के लिए सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा जारी नोटिस की जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। जनदर्शन कार्यक्रम में बागबाहरा वन क्षेत्र क्रमांक 88 में निवासरत कमार जनजाति के परिवार के लोग मुख्यमंत्री से बेदखली की कार्यवाही रोकने की फरियाद लेकर पहुंचे थे। अलख राम कमार ने बताया कि उसके सहित 20 कमार परिवारों को उक्त वन क्षेत्र में निवास कर रहे हैं। कमार परिवारों को वहां से बेदखल किए जाने के लिए नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार वन अधिकार अधिनियम 2006 के पूर्व से 20 कमार परिवार के लोग उक्त वन क्षेत्र में निवास कर अपना जीवनयापन कर रहे हैं। वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत तमोरा द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए वहां बोर खनन कराया गया है। वन अधिकार समिति द्वारा 10 मई 2008 को काबिज परिवारों को पट्टा दिए जाने की भी अनुशंसा की गई है। पट्टा के नाम पर अधिकारियों द्वारा राशि की मांग किए जाने का विरोध करने पर आज पर्यन्त तक उन्हें वन अधिकार पट्टा नहीं दिया गया। कमार परिवारों को प्रताड़ित करने के लिए समय-समय पर बेदखल किए जाने की धमकी और नोटिस दी जाती है, जिससे कमार परिवार के लोग भयभीत है।

## सारंगढ़ क्षेत्र के आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 10 जुलाई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए 10 जुलाई 2024 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया है। इसके अंतर्गत नगरपालिका सारंगढ़ अंतर्गत प्रचलित विज्ञापन अनुसार आंगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनबाडी केन्द्र-वार्ड कमांक 11/4 एव आंगनबाडी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र वार्ड कमांक 11/4, विशालपुर (वार्ड क 5). आंगनबाडी केन्द्र 5/3 जुनाडीह (वार्ड क. 10) के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत प्रचलित विज्ञापन अनुसार आँगनबाडी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनबाडी केन्द्र बासीनबहरा, धौठला बडे-2 रोहिनापाली, खुर्सी-2 एव आँगनबाडी सहायिका हेतु आंगनबाडी केन्द्र बोईरडीह-1. जेवरा-1. छातादेई-2. सेमरापाली-1, चुरेला 2. साराडीह, मकरी, कान्दुरपाली, रेडा-4, धौठला बडे-2, खुर्सी-2, बरदरहा, जेवरा-2. बोईरडीह-2. दानसरा-3 एवं दुर्गापाली के रिक्त पद की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

सभी केंद्रों के लिए प्राप्त आवेदनो का मूल्याकन समिति द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरांत अनतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया जाकर दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन किया जा रहा है। प्रकाशित अनतिम मूल्यांकन पत्रक ने जिस किसी अभ्यर्थी आवेदिकाओं को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो वे 10.07.2024 की शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार के नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल कार्यालयीन स्तर से हुई लिपिकीय त्रुटि पर दावा आपत्ति मान्य होगा। नियत तिथि व समय पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना अंतर्गत निजी डॉक्टरों से 10 जुलाई तक पंजीकृत डाक से आवेदन आमंत्रित

- आश्रम और छात्रावास जाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच करेंगे डॉक्टर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी आदेश और निर्देश अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निजी प्रैक्टिशनरो जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास आश्रम) के लिए 10 जुलाई 2024 तक पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निजी प्रैक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों के छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रम के छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास आश्रमों के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे।

इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पैड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज, संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्थाई या अस्थाई मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता का प्रथम पृष्ठ (जहां फोटो चस्पा हो) की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्टेट सारंगढ़ में 10.07.2024 तक कार्यालय समय में पंजीकृत डाक से भेजा जाए। आवेदन पत्र सीधे कार्यालय में नहीं लिया जाएगा।

## अच्छा कार्य कर रहे पुलिस अधिकारी कर्मचारी को वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक ने किया प्रोत्साहित

- लापरवाही करने वाले तीन को किया सस्पेंड

**रायपुर । आरएनएस**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु प्रति माह कॉप ऑफ द मंथ'' पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से रायपुर पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा को लगन व जिम्मेदारी से कार्य करने और बेहतर बल प्रबंधन के लिए; निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना प्रभारी टिकरापारा निजात के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु; एसआई यू.एन. शांत थाना अभनपुर को अवैध शराब जब्ती, आरक्षक धनेश रात्रे को थाना क्षेत्र में चार पहिया वाहन में परिवहन करते गांजा बरामद करने; सऊनि सोबवंत सिंह रावत कार्यालय सीएसपी कोतवाली को सौंपे गए कार्यों का उत्कृष्ट तरीके से निर्वहन करने हेतु; आर. भूपेंद्र कुमार मिश्रा एसीसीयू को थाना टिकरापारा क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपी को पकड़ने व 12 लाख मशरूका बरामदगी करने के कार्य हेतु; प्र.आर क्रमांक रविकांत पांडे एसीसीयू को थाना देवेंद्र नगर क्षेत्र में हुए चोरी में आरोपी को पकड़ने व रुपए 30 लाख मशरूका बरामदी करने के कार्य हेतु; सऊनि अतुलेश राय व आर. अरुण कुमार ध्रुव थाना टिकरापारा को कमल विहार क्षेत्र में महिला का शव मिलने पर अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तार करने पर; आर. सुरेंद्र सिंह थाना खरोरा को चोरी के 2 प्रकरणों में आरोपी को पकड़ने व मशरूका बरामदगी करने के कार्य हेतु; आर. प्रमोद चंदेल थाना न्यू राजेंद्र नगर को चोरी के आरोपी को मय मशरूका के पकड़ने व प्रयुक्त एक्टिवा की बरामदगी करने के सराहनीय कार्य हेतु; आर. मोह. राजिक एसीसीयू को एमडी ड्रग्स के सिंडिकेट पर कार्यवाही करने के सराहनीय कार्य के लिए एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अन्य कार्यालयीन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। तार की चपेट में आने से 2 मासूमों की दर्दनाक मौत चुने गए कर्मचारियों को नगद ईनाम एवं गुड सर्विस एंट्री व प्रशंसापत्र के साथ ही उनका फोटो समस्त पुलिस कार्यालयों और जिले के सभी थाना व चौकी के नोटिस बोर्ड पर पूरे माह के लिए लगा रहेगा। इससे दूसरे पुलिसकर्मी भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जनता से अच्छा व्यवहार जिम्मेदारी एवम निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को हमेशा सम्मानित किया जाएगा वही अवैध काम में लिप्त व अनुशासनहीनता व पदीय कर्तव्य निर्वहन में लापरवाहीपूर्ण आचरण करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और अशोभनीय आचरण पर तीन आरक्षकों को सस्पेंड कर लाइन अटैच किया गया। प्रधान आरक्षक युसुफ खान कबीरनगर थाना को आम जन के साथ मारपीट व अशोभनीय आचरण के लिए सस्पेंड किया गया। रक्षित केन्द्र रायपुर से मुस्लिम पेशी कराने गए आर. विकास अग्रवाल एवं आर. शिवानंद साहू को उनकी अभिरक्षा से आरोपी फरार होने पर निलंबित कर जांच आदेशित किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुछ सी.डी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर ने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

आवश्यकता

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चियों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में जागरूक किया जायेगा।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा सांस्कृतिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल विचार पर सदैव निष्ठापूर्वक काम करेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

Address : Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU